(घ) आधुनिक कालीन भारतीय नवजागरण पर आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

द्विवेदी-युग में हिन्दी कविता की विकास-यात्रा पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

★★★





**2021**

( Held in 2022 )

# HINDI

Paper : HIN–HG/RC–1016

**( हिन्दी साहित्य का इतिहास )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल को किसने 'वीरगाथा काल' नाम दिया था?

(ख) अमीर खुसरो ने हिन्दी में किस प्रकार की रचनाएँ की थीं?

(ग) 'पद्मावत' महाकाव्य के रचयिता कौन हैं?

(घ) भक्तिकालीन कृष्णकाव्यधारा की प्रमुख भाषा क्या थी?

(ङ) रीतिकालीन किस कवि को 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा जाता है?

(च) घनानंद रचित किसी एक काव्य का नाम लिखिए।

(छ) रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल का आरंभ कब से माना है?

(ज) 'प्रियप्रवास' महाकाव्य के रचयिता कौन हैं?

(झ) मैथिलीशरण गुप्त रचित एक काव्यकृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ञ) दिनकर का देहावसान किस ईस्वी को हुआ था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) शुक्ल जी के अनुसार हिन्दी साहित्य के प्रथम कवि और उनकी कृति के नाम लिखिए।

(ख) चंदबरदाई किस राजा के दरबारी कवि थे? उनकी कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) कबीरदास की कृति का नामोल्लेख करके इसे किन भागों में विभाजित किया गया है, लिखिए।

(घ) घनानंद किस काव्यधारा के अंतर्गत आते हैं? उनकी एक प्रमुख कृति का नाम लिखिए।

(ङ) दो प्रमुख छायावादी कवियों के नामोल्लेख कीजिए, जो बाद में प्रगतिवाद के अंतर्गत भी आये।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) विभिन्न विद्वानों ने आदिकाल का नामकरण किस प्रकार किया है, उस पर प्रकाश डालिए।

(ख) आदिकालीन रासो साहित्य पर संक्षेप में आलोकपात कीजिए।





(ग) हिन्दी साहित्य में सूरदास की देन पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) भक्तिकाल की रामभक्ति शाखा की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल के सीमांकन पर प्रकाश डालिए।

(च) आधुनिक तथा आधुनिकता पर विवेचन कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल के सीमांकन पर विभिन्न विद्वानों के मतों की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

हिन्दी साहित्य के आदिकाल में उपलब्ध साहित्यिक सामग्रियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) भक्तिकालीन काव्यधाराओं की सामान्य विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के स्वरूप पर विवेचन कीजिए।

(ग) रीतिकाल के प्रवर्तक कौन हैं? इस संदर्भ में विभिन्न विद्वानों के मतों पर विचार कीजिए।

**अथवा**

रीतिसिद्ध काव्य को कविवर बिहारीलाल की देन का मूल्यांकन कीजिए।